भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2246 का उत्तर

दातागंज के लिए रेल संपर्क

2246. श्री धर्मेन्द्र कश्यपः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, आंवला के अंतर्गत आने वाले दातागंज के लिए रेल संपर्क प्रदान करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा अभी तक इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): नई लाइनों, आमान परिवर्तन और दोहरीकरण के लिए अनुरोध/मांगें, औपचारिक एवं अनौपचारिक, दोनों, विभिन्न स्तरों, रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों और मंडल मुख्यालयों आदि पर प्राप्त होती हैं। चूंकि इस प्रकार के अनुरोधों, सुझावों और मांगों का प्राप्त होना एक सतत और निरंतर प्रक्रिया है, इसलिए इन अनुरोधों का केंद्रीकृत संकलन नहीं रखा जाता।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र आंवला के अंतर्गत दातागंज तक रेल संपर्क मुहैया कराने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) और (ग): प्रश्न नहीं उठता।

****